BULANDSHAHR POLICE

दिनांक- 11 जनवरी 2025 थाना ककोड़

अमर सिंह की हत्या में संलिप्त 01 हत्यारोपी गिरफ्तार, कब्जें/निशादेही से आलाकत्ल, घटना में प्रयुक्त 01 स्कूटी व चोरी किया गया सामान आदि बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 08.01.2025 को वादी दीपक पाल पुत्र अमर सिंह निवासी मकान नं0 89 मौ0 पाल छोटा चौक थाना मंडावली ईस्ट दिल्ली ने थाना ककोड़ पर तहरीर दी की दिनांक 07/08.01.2025 की रात्रि में अज्ञात अभियुक्त द्वारा थाना ककोड क्षेत्रान्तर्गत ग्राम आजमपुर हुसैनपुर में वादी के पिता अमर सिंह की हत्या कर दी गयी हैं। इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना ककोड पर मुअसं- 10/25 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

उक्त के क्रम में थाना ककोड़ पुलिस द्वारा जांच/छानबीन से घटना में संलिप्त एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे/निशांदेही से घटना में प्रयुक्त स्कूटी, आलाकत्ल चारपाई का पाया आदि बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना ककोड पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. शिवा भाटी पुत्र रवि कुमार भाटी निवासी आजमपुर हुसैनपुर थाना ककोड जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1. 01 चारपाई का पाया (आलाकत्ल)
2. 01 स्कूटी नं0 यू0पी0-13बीएल-8653 (घटना में प्रयुक्त)
3. मृतक का आधार कार्ड, दिल्ली जल वोर्ड का आई कार्ड, डीएल निर्वाचन पहचान पत्र व यूनियन बैक का एटीएम कार्ड
4. मृतक की 01 घडी
5. 01 इन्वर्टर
6. गेहू के कट्टे 04 (करीब 02 कुन्तल)

हत्या का कारण- अभियुक्त दिनांक 07/08.01.2025 की रात्रि में चोरी के उद्देश्य से थाना ककोड क्षेत्रान्तर्गत ग्राम आजमपुर हुसैनपुर में मृतक अमर सिंह के मकान पर गया था जहां पर अमर सिंह जाग गया तथा अभियुक्त का विरोध किया जिसपर अभियुक्त द्वारा अमर सिंह को धक्का दे दिया गया जिससे अमर सिंह का सिर चारपाई के पाये से लगने से वह घायल हो गया। इसके उपरांत अभियुक्त द्वारा वहां पड़े एक पत्थर से मृतक के सिर पर कई वार किये जिससे अमर सिंह की मृत्यु हो गयी तथा अमर सिंह की मृत्यु हो जाने के उपरांत अभियुक्त मकान में चोरी कर वहां से फरार हो गया।

थाना ककोड पुलिस टीम-

1. श्री नरेन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना ककोड़
2. उ0नि0 रमेशचन्द, उ0नि0 फरीद अहमद, उ0नि0 अभयेन्द्र कुमार, उ0नि0 मनेन्द्र सिंह
3. का0 शरशाद खान, का0 अरूण कुमार



मीडिया सेल बुलंदशहर